भजन **(8 धामों की महिमा)**

गुरु के अवतार स्थल पीपासर धाम जा करके

उणतीस नियमों के संकल्प में खुद को बान्ध करके,
गुरु हवन यज्ञ की अग्नि में खुद को तपा करके,
शब्दों के ज्ञान पुष्पों से खुद को महका करके,
पालनहार विष्णु भक्ति में खुद को डूबा करके,
त्याग तपस्या की भट्ठी में खुद को गला करके,
करें चलों प्रणाम श्री विष्णु गुरुजम्भेश्वर के अष्ठधाम।।1।।
जय हो अष्ठधाम जय जय जाम्भोजी के अष्ठधाम ।।

गुरु के अवतार स्थल पीपासर धाम जा करके,
धर्म रथ सम्भराथल धाम में अटल आसन लगा करके,
झुका शीश जाँगलू में वरसिंह वाली नाडी नहा करके,
धाम धर्म धरा भात वाली रोटू नौरँगी के घर जा करके,
पावन गँगा की धारा जम्भसरोवर में गोता लगा करके,
पूर्वी धाम लोधीपुर मन्दिर में पुष्प–नारियल चढ़ा करके,
करें चलों प्रणाम श्री विष्णु गुरुजम्भेश्वर के अष्ठधाम।।2।।
जय हो अष्ठधाम जय जय जाम्भोजी के अष्ठधाम ।।

चीर निद्रा की मृत्यु शैय्या पर खुद को लिटा करके,
गुरु ध्यान की ऊँचाई पर खुद अपने को चढ़ा करके,
आध्यात्मिक कर्मभूमि धाम लालासर साथरी जा करके,
पंथ शिरोमणि बिश्नोई परम्परा को पूर्णतः निभा करके,
कर्म और दृढ़ आचरण सेवित जीवन पथ पर आ करके,
कोटि कोटि ब्रह्याण्ड नायक विष्णु चरण शरण जा करके,
करें चलों प्रणाम श्री विष्णु गुरुजम्भेश्वर के अष्ठधाम।।3।।
जय हो अष्ठधाम जय जय जाम्भोजी के अष्ठधाम ।।

श्री गुरु जम्भेश्वर की वाणी के अनुशासन में आ करके,
कंचन की तरह तप की अग्नि में खुद को तपा करके,
ध्यान साधना के सर्वोच्च पथ पर खुद को बिठा करके,
विष्णु विष्णु महामन्त्र आत्मा में नित्य निरन्तर जपा करके,
विश्व कल्याण की शुद्ध भावना आत्मा में जगा करके,
दिन रात हाक रि ध्यान मग्न और आगे पथ बढ़ा करके,
करें चलों प्रणाम श्री विष्णु गुरुजम्भेश्वर के अष्ठधाम।।4।।
जय हो अष्ठधाम जय जय जाम्भोजी के अष्ठधाम ।।

अजरा जार, लोभ ईर्ष्या क्रोध को दूर हटा करके,
जगा प्रेम प्यार प्राणी प्राणी में भेद मिटा करके,
गुरु प्रसाद कायागढ़ का अनुसंधान करा करके,
काया नगरी मनपत राजा में विश्वास जगा करके,
पाओ मोक्ष सब प्राणी मुक्तिधाम मुकाम जा करके,
"पृथ्वी सिंह" हर दिल में भक्ति जोत जला करके,
करें चलों प्रणाम श्री विष्णु गुरुजम्भेश्वर के अष्ठधाम।।5।।
जय हो अष्ठधाम जय जय जाम्भोजी के अष्ठधाम ।।

पृथ्वीसिंह बैनीवाल बिश्नोई,
संस्थापक सदस्य, जाम्भाणी साहित्य अकादमी, बीकानेर एवं संयुक्त सचिव एवं प्रैस प्रभारी,
श्री बिश्नोई सभा, पंचकूला, सैक्टर–15, पंचकूला–134113 (हरियाणा)–094676.94029